जेपी ग्रुप ऑफ एजुकेशन, वियावानी, बिहारशरीफ, नालन्दा के तरफ से मतदान जागरूकता अभियान चलाया गया

नवबिहार दूत संवाददाता

वियावानी स्थित जेपी ग्रुप ऑफ एजुकेशन के सभी विभागों के छात्रों एवं शिक्षकों तथा शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को मतदान हेतु संस्थान के सचिव शैलेश कुमार के द्वारा शपथ दिलाया गया। इस अवसर पर संस्थान के सचिन शैलेश कुमार के नेतृत्व में संस्थान के द्वारा ग्राम— दाउदपुर, थाना— नूरसराय में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें संस्थान के छात्र—छात्राओं एवं कर्मचारियों के द्वारा घर—घर जागकर प्रत्येक मतदाता को जागरूक किया गया और उन्हें अपने मतदान के अधिकार तथा कर्तव्य दोनों के पालन करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

मतदाताओं को किया गया जागरूक

मतदाता जागरूकता अभियान में शामिल लोग.

बिहारशरीफ . गुरूवार को वियावानी स्थित जेपी ग्रुप ऑफ एजुकेशन के सभी विभागों के छात्रों एवं शिक्षकों तथा शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को मतदान के लिए संस्थान के सचिव शैलेश कुमार के द्वारा शपथ दिलायी गयी. इस अवसर पर संस्थान के सचिव शैलेश कुमार के नेतृत्व में संस्थान के द्वारा ग्राम - दाउदपुर, थाना-नूरसराय में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया. जिसमें संस्थान के छात्र - छात्राओं एवं कर्मचारियों के द्वारा घर-घर जाकर प्रत्येक मतदाता को जागरूक किया गया और उन्हें अपने मतदान के अधिकार तथा कर्तव्य दोनों के पालन करने हेतु प्रोत्साहित किया गया. विशेष रूप में नये मतदाता बने हुए युवाओं को मतदान के बारे में बताया गया तथा उन्हें मतदान हेतु प्रोत्साहित किया गया. संस्थान के सचिव शैलेश कुमार ने ग्रामवासियों को मतदान के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि 1 जून 2024 को अपना-अपना मत जरूर दें. यह चुनाव आपके अगले पांच वर्षों के भविष्य को निर्णित करेगा. अतः सोच समझकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें.इस अवसर पर संस्थान के प्रशासनिक पदाधिकारी श्री एस० दिवाकर, जेपी कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्राचार्य डॉ संजय कुमार, जेपी इंस्टीच्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के प्राचार्य ई पूर्णेन्दु भूषण, जेपी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ पुनीत कुमार शुक्ला, जे०पी० कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्राचार्य डॉ राजीव कुमार, जे०पी० आई. टी. आई. के प्राचार्य ई० राजीव कुमार, जेपी इन्टरनेशनल स्कूल के प्राचार्य मणिकान्त कुमार, जेपी कॉलेज ऑफ लॉं के प्रभारी प्राचार्य कृष्ण कुमार कनौजिया सहित संस्थान के सभी शिक्षकगण, कर्मचारिगण एवं सभी छात्र - छात्राएँ उपस्थित थे.